प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 01.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

..................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्‌वान पर आज देशभर में व्यापक स्वच्छता अभियान–प्रधानमंत्री की लोगों से एक घंटे श्रम दान की अपील।
- राज्य सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान की अवधि अगले साल 31 मार्च तक बढाई।
- आरएएस–2023 प्रारंभिक परीक्षा आज आयोजित की जा रही है।
- प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्यों में नया पर्यटन सत्र शुरू।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्‌वान पर आज देशभर में लोग व्यापक स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से एक दिन पहले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप आज सुबह 10 बजे स्वच्छता अभियान में एक घंटे का श्रमदान करने की अपील की है। पिछले मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का महत्व बताते हुए लोगों से इसमें भागीदारी करने और एक अक्टूबर को व्यापक स्वच्छता अभियान के लिए समय निकालने की अपील की थी।

..................

प्रधानमंत्री का एक तारीख एक घंटा एक साथ का आह्‌वान स्वच्छ दुनिया का सबसे बड़ा स्वैच्छिक प्रयास होगा। इस अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से छह लाख 40 हजार से अधिक स्थलों पर श्रमदान किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजार, रेलवे ट्रैक, जल निकायों, पर्यटन और पूजा स्थलों तथा अन्य क्षेत्रों में सफाई गतिविधियों में बडी संख्या में लोग भाग लेंगे। सफाई स्थलों पर, नागरिक अपनी तस्वीरें खींच सकते हैं और इसे स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम पोर्टल पर अपलोड कर सकते है।
प्रदेश में भी स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों में उत्साह है। कोटा में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम में भाग लेंगे। बूंदी के नागर सागर कुण्ड पर 'एक तारीख–एक घंटा श्रमदान' का कार्यक्रम होगा। इसी कड़ी में कल स्वच्छता मित्रों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बाडमेर शहर में सीमा सुरक्षा बल के जवान विशेष सफाई अभियान में श्रमदान करेंगे।

..................

हाडोती क्षेत्र में उद्योग तथा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए आज कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापारियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में हाडोती क्षेत्र के व्यापारी और उद्यमी शामिल होंगे। इससे पहले श्री गोयल स्वच्छता अभियान में श्रम दान करेंगे। शाम को उनका कोचिंग के विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम है।

..................

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज जयपुर में मतदाता जागरूकता को लेकर वाकेथॉन को हरी झंडी दिखाई। उनके साथ निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और अरूण गोयल भी मौजूद थे। ये वाकेथॉन स्टैच्यू सर्किल से सवाई मानसिंह स्टेडियम फुटबॉल ग्राउंड तक आयोजित की गई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त का आज जयपुर में ही प्रेसवार्ता को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इससे पहले निर्वाचन आयोग की टीम ने कल जयपुर के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में निर्वाचन विभाग की ओर से लगाई स्वीप प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा किए गए नवाचारों को दर्शाया गया है। इन नवाचारों का उद्‌देश्य लोगों को मतदान के लिए जागरुक करना है। इसके साथ ही स्वीप गतिविधियों में काम आने वाली विभिन्न प्रचार सामग्रियों को भी आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी मे बाडमेर की 200 फीट लंबी जागरूकता मतदाता फड़ आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर सतरंगी सप्ताह के तहत सात थैमेटिक पोस्टर्स का विमोचन किया गया। नए मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरित किए गए। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग की टीम प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए जयपुर आई हुई है।

..................

राज्य सरकार ने प्रशासन शहरों के संग अभियान की अवधि अगले साल 31 मार्च तक बढ़ा दी है। पहले यह अवधि 30 सितम्बर, 2023 तक ही थी। नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने ये जानकारी दी। गौरतलब है कि राज्य में चलाए गए 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान में अब तक 9 लाख 11 हजार पट्टे जारी किए जा चुके हैं और 2 हजार 628 करोड़ रुपये से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति हुई है।

..................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस–2023 प्रारंभिक परीक्षा आज आयोजित की जायेगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए राज्य में 2 हजार 158 केन्द्र बनाये गये है। इसके लिए 6 लाख 97 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी को फोटो युक्त पहचान पत्र साथ लाना होगा।

..................

प्रदेश में आज से वन्य जीव सप्ताह की शुरूआत हुई। सप्ताह के तहत वन विभाग की ओर से वन और वन्य जीवों के संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन आज रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान के पास के गांवों के विद्यार्थियों को उद्यान का निशुल्क भ्रमण करवाया गया। विद्यार्थियों को वन्यजीव, पारिस्थितिकी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

..................

राज्य के वन्य जीव अभ्यारण्यों में आज से नया पर्यटन सत्र शुरू हुआ। तीन महीने अभ्यारण्यों के बंद रहने के बाद अब नये पर्यटन सत्र को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। अलवर के सरिस्का और सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्यों और भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण्य में पर्यटक पहुंच रहे है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि आज पहले दिन सफारी करने के लिए बड़ी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पहुंचे हैं। पर्यटकों का वन विभाग के अधिकारियों और पर्यटन व्यवसायियों ने तिलक लगाकर और माला पहना कर स्वागत किया। अधिकारियों ने पर्यटक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर पार्क प्रवेश कराया। उधर अलवर के सरिस्का में भी पर्यटकों में उत्साह हैं। लोगों ने दो दिन पहले ही सफारी के लिए ऑनलाईन बुकिंग करवा ली थी ।

..................

प्रदेश में आज से समाज कल्याण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। आज पहले दिन सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। इसका राज्य स्तरीय समारोह अलवर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली शिरकत करेंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वृद्धजनों का सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। बाड़मेर में वृद्धजन दिवस के अवसर पर 100 साल या इससे अधिक आयु के मतदाताओं को निर्वाचन आयोग की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार पुरोहित ने बताया जो मतदाता समारोह स्थल पर उपस्थित होने में असमर्थ है, उनका सम्मान उनके निवास पर ही किया जाएगा।

..................